BHADOHI POLICE

दिनांक 10.04.2024 **थाना भदोही**

◆फाइनेंस कंपनी में कार्यरत कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की सूचना निकली मनगढ़ंत व झूठी

◆पुलिस की तत्परतापूर्ण कार्यवाही से कलेक्शन एजेंट की मनगढ़ंत कहानी का हुआ पर्दाफाश

◆तथाकथित पीड़ित के गाड़ी की डिग्गी से ही नगदी हुआ बरामद

◆लोन चुकाने के लिए पैसा हड़पने की नीयत से रची थी मनगढ़ंत कहानी

◆पुलिस को वरगलाना/झूठी सूचना देना आरोपी को पड़ गया भारी

◆आरोपी के विरुद्ध पुलिस को झूठी सूचना देने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर की जाएगी सख्त वैधानिक कार्यवाही

दिनांक-09.04.2024 को समय करीब 20:30 बजे थाना भदोही पर सूचना प्राप्त हुई कि चौकी कारपेट सिटी अंतर्गत आरोहन फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट के रूप में कार्यरत प्रविंद्र कुमार मिश्रा निवासी मिर्जापुर के साथ अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित करते हुए शोल्डर बैग जिसमें ₹50,000/- रखा था, बैग लेकर फरार हो गए हैं।

उक्त सूचना पर डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी भदोही के नेतृत्व में स्वाट व स्थानीय पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की जांच के क्रम में घटना संदिग्ध प्रतीत हुई।

पुलिस टीम द्वारा घटना की गहनता से जांच व पूछताछ में ज्ञात हुआ कि तथाकथित पीड़ित प्रविंद्र कुमार मिश्रा द्वारा अपने मित्र का लोन जमा करने के लिए पैसा हड़पने की नियत से पुलिस को लूट की झूठी/मनगढ़ंत सूचना दिया गया है। लूट की सूचना से सम्बंधित सम्पूर्ण धनराशि ₹50,000/- (पच्चास हजार रुपये) पीड़ित के मोटरसाइकिल की डिग्गी से बरामद हुआ है। मनगढ़ंत व झूठी सूचना देकर पुलिस को बरगलाने के संबंध में सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी प्रविंद्र कुमार मिश्रा निवासी मिर्जापुर उपरोक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का अनावरण व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

1.नि0 श्याम बहादुर यादव, हे0का0 नरेन्द्र सिंह, हे0कां0 नागेन्द्र यादव, हे0का0 अंजय यादव, धीरेंद श्रीवास्तव का0 मन्नू सिंह, कां0 दीपक यादव, कां0 सुनील कन्नौजिया, कां0 प्रत्युष पाठक , कां0 गोपाल क्राईम ब्रांच टीम भदोही

2.श्री अमरजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक भदोही मय हमराह पुलिस टीम थाना व जनपद भदोही